भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 150

04 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए

विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र के विनिवेश के प्रस्ताव पर पुनर्विचार

150. श्री कनकमेदला रवींद्र कुमार:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इस तथ्य पर ध्यान दिया है कि विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र के विनिवेश के विरूद्ध किया जा रहा विरोध प्रदर्शन 8 नवंबर, 2023 को अपने 1,000 वें दिन में प्रवेश कर गया है;

(ख) क्या सरकार ने जनता के तीव्र विरोध और 1,000 दिनों से अधिक समय से जारी विरोध को देखते हुए विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र के विनिवेश के संबंध में पुनर्विचार करेगी;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) से (घ): जी हां। आर्थिक कार्य संबंधी मंत्रिमण्डल समिति (सीसीईए) ने दिनांक 27.01.2021 को हुई अपनी बैठक में विजाग इस्पात संयंत्र में रणनीतिक विनिवेश के जरिए भारत सरकार की शेयरधारिता के 100% विनिवेश के लिए "सैद्धांतिक रूप से" अनुमोदन दिया था।

****